हिन्दुस्तान 12/10/19

**अंडर-19 और 16 क्रिकेट में यूपी से श्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत अंडर-23 टीम में बनाई जगह**

# शहर की एकता सीनियर यूपी महिला टीम में

कानपुर | हिन्दुस्तान संवाद

रायपुर में 14 से 24 अक्तूबर से शुरू होने वाली बीसीसीआई की सीनियर टी-20 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में शहर की एकता सिंह का चयन हुआ। वह यूपी टीम में शहर से एकमात्र खिलाड़ी हैं। एकता ने अंडर-19 व अंडर-16 में 400 से अधिक रन बनाए थे, जबकि सूरत में हुई अंडर-23 क्रिकेट लीग में भी तीन अर्द्धशतक के दम पर इंडिया ग्रीन में स्थान पक्का किया था।

काकादेव की रहने वाली एकता सिंह वर्तमान में सर पदमपत सिंहानिया एकेडमी में क्रिकेट की बारीकियां कोच नरेन्द्र सिंह, सीमा त्रिवेदी से सीख रहीं है। 12 साल की उम्र से सुपीरियर स्पिरिट्स स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से एकता ने खेलना प्रारंभ किया। एकेडमी के सचिव सर्वेश तिवारी ने बताया कि इस दौरान एकता ने लड़कों के साथ खेलकर अपने अन्दर के डर को भी दूर किया। एकता सिंह भारतीय क्रिकेट महिला टीम की सदस्य मिताली राज व विराट कोहली को अपना आदर्श मानती हैं। पिता राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एकता का सपना है कि अपने प्रदर्शन से एक दिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम में स्थान बनाना और यहां पर देश के लिए श्रेष्ठ प्रदर्शन करना।



एकता सिंह, महिला क्रिकेटर।

## जोनल प्रतियोगिता से मिली पहचान

वर्ष 2018 में हुई अंडर-19 जोनल प्रतियोगिता में राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़ समेत अन्य टीमों के खिलाफ एकता ने एक शतक के साथ 450 रन बनाए। इस प्रदर्शन के बल पर एकता को अंडर-23 यूपी टीम का टिकट मिला। एकता ने वर्ष 2019 में हुई अंडर-23 क्रिकेट लीग में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसमें एकता ने बंगाल के खिलाफ 75, पंजाब के खिलाफ 95 व केरल के खिलाफ 60 रन, झारखण्ड के खिलाफ 85 रन की पारियों से सभी को प्रभावित किया। इसी के दम पर एकता का चयन इंडिया ग्रीन के लिए भी हुआ।